**पाठ २**

# ताई

**QUESTION BANK**

**१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 1x5=5

(क) किसके बिना रामेश्वरी को एक क्षण भी चैन नहीं पड़ता था?

(ख) चुन्नी किसकी बहन थी?

(ग) मनोहर पतंग मँगाने की ज़िद किससे कर रहा है?

(घ) मनोहर को रेलगाड़ी किसने लाकर दी?

(ङ) पूजा-पाठ, व्रत को किसने ढकोसला बताया?

**२. किसने , किससे कहा ?** 1x5=5

(क) ताई हमें प्यार नहीं करती। ---------- ---------

(ख) तुम्हीं रेल पर बैठकर जाओ, मुझे नहीं जाना है। ---------- ---------

(ग) पूजा - पाठ, व्रत सब ढकोसला है। ---------- ----------

(घ) बेटा मनोहर, मैंने तुझे नहीं बचाया। ---------- ----------

(ङ) ताई, हमें पतंग मँगा दो। --------- ----------

**३. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए -** 2x5=10

१) धर्मशाला

२) अनाथालय

३) प्रलाप

४) चुहल

५) अर्धांगिनी

**४. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 1x5=5

शाम का समय था। रामेश्वरी खुली छत पर बैठी हवा खा रही थी। पास ही उसकी देवरानी बैठी थी। दोनों बच्चे छत पर दौड़ -दौड़कर खेल रहे थे। रामेश्वरी उनका खेल देख रही थी। इस समय रामेश्वरी को उन बच्चों का खेलना -कूदना भला मालूम हो रहा था।

(क) रामेश्वरी को किसका खेलना - कूदना भला मालूम हो रहा था?

(ख) छत पर कौन - कौन था?

(ग) रामेश्वरी क्या देख रही थी?

(घ) रामेश्वरी के पास कौन बैठा था?

(ङ) बच्चे छत पर कैसे खेल रहे थे?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**५. मूल्यपरक प्रश्न -** 5x3=15

(क) यदि आप मनोहर की जगह होते, तो अपनी ताई को कैसे मनाते? लिखिए।

(ख) ' बच्चे कभी झूठ नहीं बोलते ' इस पर एक परिच्छेद लिखिए।

(ग) जब व्यक्ति अपनी गलती को समझ जाता है। ऐसे में वह अपने जीवन में सुधार कैसे ला सकता है? अपने विचार स्पष्ट कर लिखिए '

## व्याकरण

**६. निम्नलिखित मुहावरों से उचित वाक्य बनाइए –** 2x5=10

(१) आँखो का तारा -

(२) नौ दो ग्यारह होना -

(३) लोहा लेना -

(४) टाँग अड़ाना -

(५) गले का हार -

७. नीचे दिए गए विराम - चिह्नों के नाम लिखिए - 1x5=5

(क) (०)

(ख) (-)

(ग) (" ")

(घ) (?)

(ङ) (,)

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow